an>

Title: Need to connect Dilshad Garden Metro Station with Anand Vihar Metro Station in Delhi.

श्री महेश गिरी (पूर्वी दिल्ली) : महोदय, दिलशाद मेट्रो स्टेशन और आनंद विहार मेट्रो स्टेशन दो महत्वपूर्ण मेट्रो स्टेशन हैं। इन दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी केवल 3.5 किलोमीटर है। जितनी भी ट्रेनें और बसें उत्तर प्रदेश और बिहार से आती हैं, उनमें सफर कर रहे यात्रियों को यदि शाहदरा जाना हो या पश्चिमी अथवा उत्तरी दिल्ली जाना हो तो लगभग सभी यात्री बस, ट्रेन या रिक्शे का प्रयोग करते हैं। यदि कोई व्यक्ति केवल मेट्रो का ही उपयोग करना चाहे तो उसे पहले आनंद विहार से राजीव चौक (कनॉट प्लेस) तक जाना पड़ता है और राजीव चौक से कश्मीरी गेट का लम्बा रास्ता तय करना पड़ेगा। इन दोनों स्टेशनों के बीच पड़ रही सड़क चौधरी चरण सिंह मार्ग की यातायात की स्थिति भी दिन-प्रतिदिन और व्यस्त होती जा रही है। आनंद विहार रेलवे स्टेशन और आनंद विहार आई.एस.बी.टी. दोनों बहुत बड़े हब (केन्द्र) बन चुके हैं। यदि यहां पर आने-जाने वाले यात्रियों को आनंद विहार मेट्रो स्टेशन और दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सुविधा मिल जाए तो उसके कई गुना लाभ होंगे। यह सुविधा यात्रियों के लिए बहुत सहूलियत लाएगी, यातायात की स्थिति भी बहुत बेहतर हो जाएगी और साथ ही साथ समय, पैसा और ऊर्जा की बड़ी बचत होगी।

अत: सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में आनंद विहार तथा दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशनों को यथाशीघ्र मेट्रो से जोड़ने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।